Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Health Centre in collaboration with Mediversal Maternal Hospital, Patna

Health Check-up Camp & Awareness Session

03-04-2024

श्री अरविंद महिला कॉलेज के हेल्थ सेंटर और मेडिवर्सल मातृ हॉस्पिटल, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'हेल्थ चेकअप कैंप एवं जागरूकता सत्र' का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। जागरूकता सत्र का उद्घाटन करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। इसीलिए स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए कॉलेज समय-समय पर कैंप का आयोजन करता रहता है।

हेल्थ सेंटर के को-ऑर्डिनेटर श्री राजीव शंकर सिन्हा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे PCOS, मासिक धर्म स्वच्छता, सर्वाइकल कैंसर और समग्र स्वास्थ्य, के बारे में जागरूकता फैलाना है। डॉ सृष्टि सिन्हा, मेडीवर्सल मातृ के एसोसिएट कंसल्टेंट और प्रसिद्ध प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ ने सर्वाइकल कैंसर के लिए उत्तरदायी वायरस HPV (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और इसके टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया।

कैंप के दौरान छात्राओं को नि:शुल्क मौलिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आयोजन के सफल समापन पर हेल्थ सेंटर की सदस्य डॉ सपना बरुआ ने मेडिवर्सल मातृ हॉस्पिटल की टीम को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस कैंप के सफल संचालन में मेडिवर्सल मातृ हॉस्पिटल टीम की सदस्य प्रीति कुमारी और हेल्थ सेंटर के श्री गोपाल कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं लगभग 60 छात्राओं की नि:शुल्क जांच की गई।

अरविंद महिला कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर लगाया
60 छात्राओं की निःशुल्क जांच की गई

पटना| श्री अरविंद महिला कॉलेज के हेल्थ सेंटर और निजी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ चेकअप कैंप एवं जागरुकता सत्र का आयोजन हुआ। गुरुवार को जागरुकता सत्र का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। इसलिए स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए कॉलेज समय-समय पर कैंप का आयोजन करता रहता है। हेल्थ सेंटर के को-ऑर्डिनेटर राजीव शंकर सिन्हा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे पीसीओएस, मासिक धर्म स्वच्छता, सर्वाइकल कैंसर और समग्र स्वास्थ्य, के बारे में जागरुकता फैलाना है। डॉ सृष्टि सिन्हा ने एचपीवी और टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया। कैंप के दौरान 60 छात्राओं को निशुल्क मौलिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।